www.amritvichar.com

# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

लखनऊ, मंगलवार,24 फरवरी 2026


### सुविचार



एक राष्ट्र की शक्ति उसकी आत्मनिर्भरता में है, दूसरों से उधार लेकर पर काम चलाने में नहीं।

- इंदिरा गांधी

### लखनऊ के प्रमुख समाचार


- दिन में सब्जी बेचकर रेकी, रात में करते थे चोरी II
- चार दिन बाद दौड़ने लगेंगे ग्रीन कॉरिडोर पर वाहन III
- 3398 छात्रों ने छोड़ी अंग्रेजी, गणित व जीव विज्ञान की परीक्षा IV




### रमजान का दिन

| सहरी | इफ्तार |
|---|---|
| सुन्नी: 5:14 | सुन्नी: 6:07 |
| शिया: 5:04 | शिया: 6:16 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

### शहर में आज



- लखनऊ विश्वविद्यालय के गणित व खगोल विज्ञान विभाग में युवा गणितज्ञ सम्मेलन– 10 :00 बजे से।
- राय उमानाथ बलि प्रेक्षागृह में सूर्या थियेटर कल्चरल आर्ट्स सोसाइटी की ओर से नाटक सीता वनवास का मंचन– 6 :30 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

### सिटी ब्रीफ

#### आरक्षण पर भागवत का बयान सराहनीय

**अमृत विचार, लखनऊ :** सदस्य विधान परिषद एवं अम्बेडकर महासभा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने संघ प्रमुख मोहन भागवत के विचारों का समर्थन किया है। कहा कि आरक्षण मुद्दे पर संघ प्रमुख ने कहा कि जब तक समाज में भेदभाव है तब तक आरक्षण जारी रहे। खुशी की बात है कि दलित समाज में सक्षम लोग आरक्षण का लाभ नहीं ले रहे हैं। उन्होंने सामाजिक एकता की दिशा में जो पहल की है उससे आरक्षण के खिलाफ जिन लोगों में नफरत का भाव है, सच्चाई जानने के बाद उनमें ये भाव कम होगा और सामाजिक एकजुटता बढ़ेगी।

#### 25 को स्वदेशी व्यापारी जुटान का आयोजन

**अमृत विचार,लखनऊ :** स्वदेशी की अलख जगाने, स्वदेशी उद्यमियों एवं व्यापारियों को आ रही बाधाओं से मुक्त कराने, उनके सुझावों को भारत सरकार तक पहुंचाने के लिए 25 फरवरी को लखनऊ में स्वदेशी व्यापारी जुटान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी ने बताया कि ऐशबाग रोड स्थित होटल स्काई हाई में यह स्वदेशी व्यापारी जुटान होगी। इसके मुख्य अतिथि एवं वक्ता स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय राष्ट्रीय सहसंगठक सतीश कुमार होंगे। जुटान की अध्यक्षता अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल करेंगे। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र संयोजक अनुपम श्रीवास्तव एवं अवध प्रांत संयोजक अमित सिंह भी उपस्थित रहेंगे।

#### सड़क पर कूड़ा फेंकने पर दो वाहन किए जब्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने सोमवार को विभिन्न जोनों में सिंगल यूज प्लास्टिक और गंदगी के खिलाफ अभियान चलाकर कुल 60,100 रुपये जुर्माना वसूला। जोन–3 में जोनल सेनेटरी ऑफिसर मनोज यादव के नेतृत्व में भिटौली क्रॉसिंग से आईआईएम तिराहे तक चलाये गए अभियान में गंदगी फैलाने पर 17 लोगों के खिलाफ चालान करके 37,700 रुपये जुर्माना वसूला। प्रतिबंधित पॉलीथिन पाए जाने पर आठ चालान के माध्यम से 12,400 रुपये जुर्माना वसूला। इसके अलावा बिना लाइसेंस तंबाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदार के खिलाफ 500 रुपये जुर्माना लगाया। दो वाहनों को सड़क पर कूड़ा फेंकते हुए पकड़ने पर जब्त कर लिया। जोन–8 में पराग चौराहा सेक्टर–एफ, सेक्टर–डी और रतनखण्ड डिफेंस कॉलोनी के आस–पास निरीक्षण में गंदगी मिलने पर दुकानों से 2500 रुपये जुर्माना वसूला। देशी शराब की दुकान पर पॉलीथिन मिलने और बिक्री करने पर 7,000 रुपये अर्थदंड लगाया। यह कार्रवाई जोनल सेनेटरी अधिकारी जितेंद्र गांधी के नेतृत्व में मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मो. नईम, मीरा राव, वीरभद्र सिंह और सत्येंद्र नाथ ने की।





लखनऊ विश्वविद्यालय में 225 वर्ष पुरानी लाल बारादरी की ढही दीवार, अंदर उगे पेड़ और झाड़ियां। दूसरे चित्र में जर्जर भवन की छत और दीवारों में उगे पौधे। अमृत विचार

# छात्र राजनीति का अखाड़ा बन गई लाल बारादरी

## दूसरे गुट के छात्रों ने हनुमान चालीसा का पाठ कर किया हर-हर महादेव का जयघोष, परिसर में भारी पुलिस फोर्स तैनात

**लविवि में घमासान**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय की लाल बारादरी छात्र राजनीति का अखाड़ा बन गई है। रविवार को बारादरी जीर्णोद्धार के विरोध में जहां समाजवादी छात्र सभा, एनएसयूआई और आइसा के सदस्यों ने नमाज पढ़कर रोजा इफ्तार किया था, वहीं सोमवार को जीर्णोद्धार का समर्थन कर रहे छात्रों ने हनुमान चालीसा का पाठ कर हर-हर महादेव के जयकारे लगाए। विवाद को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। प्रवेश रोकने के लिए जर्जर भवन को चारों तरफ से ढक दिया गया है।

छात्र नेता आलोक मिश्रा ने कहा परिसर में पहले से अवैध मजारें भी मौजूद हैं, उनकी जांच कर प्रशासन कार्यवाही करे व ध्वस्त करें। अनुराग सिंह तोमर ने कहा विश्वविद्यालय शिक्षा का मंदिर है, यहां ऐसी गतिविधियां माहौल खराब करेंगी। विवेक मिश्रा ने कहा परिसर में आने पर हम अपनी धार्मिक पगड़ियां घर उतार कर आते हैं। हम यहां कोई ऐसी गतिविधि नहीं करते तो नमाज और इफ्तारी भी नहीं होने देंगे।

प्रदर्शन करने वालों में कनिष्क तिवारी, हरीश मिश्र, सौरभ गिरी, प्रांशु शुक्ला, युवराज सिंह, अविरल सिंह, उदयवीर राज, अर्पित शुक्ला, आदर्श दुबे, सूरज सिंह, शिवम सिंह, तुषार वर्मा, सहित अनेक छात्र शामिल रहे। उधर, छात्र नेता जतिन शुक्ला के नेतृत्व में छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि ऐतिहासिक धरोहर को कुदाल फावड़ों से क्षतिग्रस्त करने वालों पर और सड़क पर नमाज और इफ्तारी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो।



लखनऊ विश्वविद्यालय में लाल बारादरी के बाहर हर–हर महादेव का जयघोष करते छात्र। अमृत विचार

### 10 वर्ष से बंद है बारादरी

- लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर के बीचो–बीच स्थित करीब 225 वर्षों पुराना यह भवन जर्जर हालत में हैं और इसमें बड़ी–बड़ी झाड़ियां और पेड़ उग आए हैं। विश्वविद्यालय के सर्वाधिक पुराने इस भवन में कभी टीचर्स क्लब, बैंक और कैंटीन हुआ करती थी। अत्यंत जर्जर होने के कारण करीब 10 वर्ष पहले विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे बंद कर दिया था। भवन जर्जर होने के चेतावनी बोर्ड भी लगा दिए गए थे। इसके बावजूद कुछ छात्र–छात्राएं सीढ़ियों पर बैठ जाया करते थे, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। इसे देखते हुए प्रशासन ने भवन का सील कर दिया गया है।




लाल बारादरी में लगा चेतावनी बोर्ड।

### बारादरी से किसी समुदाय का लेना-देना नहीं : प्रवक्ता

- लविवि के प्रवक्ता डॉ. मुकुल श्रीवास्तव ने कहा कि लाल बारादरी की इमारत जीर्ण–शीर्ण अवस्था में थी। इस इमारत में मौजूद यूको बैंक व स्टाफ क्लब इसीलिए हटाए गए। इमारत में बोर्ड लगा दिए जाने के बावजूद बच्चे इसमें अनधिकृत रूप से प्रवेश कर रहे थे और रील बना रहे थे। इमारत किसी भी वक्त गिर सकती है। किसी के जानमाल का नुकसान न हो, इसलिए इमारत में सभी का प्रवेश वर्जित किया गया है। इसका किसी समुदाय विशेष से लेना–देना नहीं है। लाल बारादरी के जीर्णोद्धार के लिए पुरातत्व विभाग से पत्राचार किया जा रहा है। यदि कहीं से कोई धन प्राप्त होगा तो इमारत का जीर्णोद्धार किया जाएगा।

### आज भी हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे छात्र

- **अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के लाल बारादरी में नमाज पढ़ने की प्रतिक्रिया स्वरुप छात्रों ने सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया है। आज मंगलवार को दिन में 11 बजे छात्रों ने कहा कि शुद्धिकरण के लिए सामूहिक रुप से हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा और विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा निर्माण कार्य शुरु करने का समर्थन किया जाएगा।

### निर्माण कार्य रोकने पर 13 छात्रों के खिलाफ दर्ज की गई रिपोर्ट

- लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में निर्माण कार्य रोकने और विरोध प्रदर्शन के मामले में 13 छात्रों के खिलाफ कार्यवाही की गई है। प्रभारी निरीक्षक हसनगंज थाना की ओर से प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर सहायक पुलिस आयुक्त, कार्यपालक मजिस्ट्रेट, महानगर कमिश्नरेट लखनऊ ने धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत नोटिस जारी किया है। रिपोर्ट के अनुसार, छात्रों ने विश्वविद्यालय स्थित लाल बारादरी में चल रहे निर्माण कार्य को कथित रूप से रोकने का प्रयास किया। साथ ही दिव्यांग कैंटीन के सामने सड़क पर बैठकर नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया गया। पुलिस का कहना है कि कुछ छात्रों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर नमाज पढ़ने का प्रयास भी किया गया, जिससे शांति व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका उत्पन्न हुई।

### नमाज स्थल को लेकर सकारात्मक कार्रवाई की मांग

- **अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलानुशासक को ज्ञापन सौंपकर समाजवादी छात्र सभा, एनएसयूआई और आईसा के छात्रों ने मांग की है कि नमाज स्थल को सुरक्षित किया जाए। छात्रों ने मांग कि है दो दिन के अंदर लाल बारादरी में स्थित नमाज स्थल को लेकर सकारात्मक कार्यवाही करें। छात्रनेता महेंद्र यादव ने कहा है कि सकारात्मक कार्यवाही न होने की स्थिति में हम छात्रों का संघर्ष जारी रहेगा।



लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रों के प्रदर्शन के दौरान लाल बारादरी के पास तैनात पुलिस फोर्स। अमृत विचार

# अमौसी एयरपोर्ट ने जीते दो विश्वस्तरीय पुरस्कार

- 5–15 मिलियन यात्री' श्रेणी में एशिया प्रशांत क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रस्थान और विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ आगमन हवाई अड्डा चुना गया

संवाददाता सरोजनीनगर

**अमृत विचार:** अदब के शहर लखनऊ ने एक बार फिर आतिथ्य सत्कार का उदाहरण प्रस्तुत कर बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। उत्कृष्ट यात्री सुविधाओं, पारदर्शी एवं सुगम प्रक्रियाओं तथा गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए अमौसी स्थित चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दो बड़े पुरस्कारों के लिए चुना गया है। चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट को 5–15 मिलियन यात्री श्रेणी में एशिया प्रशांत क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रस्थान और विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ आगमन हवाई अड्डा चुना गया है।

एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने बताया कि एयरपोर्ट्स काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) के तत्वावधान में आयोजित विशेष समारोह में ये सम्मान अमौसी हवाई अड्डा प्रशासन को दिए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार उत्कृष्ट यात्री सुविधाओं, पारदर्शी एवं सुगम प्रक्रियाओं तथा गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए दिए गए हैं। एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि सुव्यवस्थित प्रस्थान व्यवस्था से लेकर सहज और यादगार आगमन अनुभव तक, हर स्तर पर यात्रियों की अपेक्षाओं से बढ़कर सेवा देने का प्रयास किया गया है।

यह वैश्विक पहचान समर्पित हवाई अड्डा टीम के निरंतर प्रयासों और उत्कृष्ट सेवा मानकों का परिणाम है। यह उपलब्धि लखनऊ की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रतीक मानी जा रही है।

### पीपीटी प्रस्तुति आज

**अमृत विचार,लखनऊ:** ललित कला अकादमी के अलीगंज स्थित क्षेत्रीय केन्द्र ने अपने परिसर में 24 फरवरी को एक विशेष बौद्धिक सत्र कला वर्धिनी व्याख्यान एवं पीपीटी प्रस्तुति का आयोजन किया है। कार्यक्रम में ललित कला अकादमी, नई दिल्ली की ओर से चित्रकला विद्या में स्कॉलर कनुमोनु वेणु एवं सौरभ सिंह अपनी कला यात्रा और शोध पर आधारित पीपीटी प्रस्तुति और व्याख्यान देंगे।

# चौक चौराहे को मिला पद्म विभूषण नागर का नाम

- पुण्यतिथि पर महापौर ने किया चौराहे का नामकरण
- चौक कालीजी वार्ड में विकास कार्यों का किया शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** चौक का ऐतिहासिक चौराहा अब पद्म विभूषण अमृतलाल नागर के नाम से जाना जाएगा। उनकी पुण्यतिथि पर सोमवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने चौराहे का नामकरण करने के साथ विकास कार्यों के लिए शिलान्यास किया।

महापौर ने कहा कि नागर ने अपनी लेखनी से लखनऊ की तहजीब, संस्कृति और आम जनजीनव को जीवंत रूप दिया। उनके नाम पर चौराहे का नामकरण पूरे शहर के लिए गर्व का विषय है। यह आने वाली पीढ़ियों को उनकी साहित्यिक विरासत से परिचित कराएगा। इस मौके पर महापौर ने चौक कालीजी बाजार वार्ड में सड़क, नाली और पार्क से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

मिर्जा मंडी मोहल्ले में 9.85 लाख रुपये से सीसी रोड, शंकरी टोला मोहल्ले में 9.90 लाख रुपये से सीसी रोड व नाली निर्माण, कोनेश्वर मंदिर से एमपी हॉस्पिटल तक 9.80 लाख से सीसी रोड व नाली निर्माण, शंकरी टोला पार्क, दर्जी बगिया पार्क, टंडन फव्वारा व लाजपतनगर पार्क की 9.88 लाख से रंगाई पुताई और सोंधी टोला पार्क में 19.93 लाख रुपये से बाउंड्री, गेट व फुटपाथ निर्माण कराया जाएगा। कार्यक्रम में पार्षद दल उपनेता सुशील तिवारी 'पम्मी', स्थानीय पार्षद एवं कार्यकारिणी सदस्य अनुराग मिश्रा 'अन्नू', डॉ. उमंग खन्ना, लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तम कपूर, कवि सर्वेश अस्थाना, कवि सूर्य कुमार पाण्डेय, जोनल अधिकारी अमरजीत यादव तथा अधिशासी अभियंता अशोक अन्य लोग उपस्थित रहे।



नागर को नमन करते लोग।

**बाजार** शहर की मंडियों में खपत बढ़ने से आसपास के जिलों से होने लगी अधिक आवक

# होली पर संभल कर खरीदें खोवा, हो सकती है मिलावट

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**18001805533**

**टोल फ्री नंबर पर मिलावट की आशंका होने पर करें शिकायत**

**अमृत विचार :** होली पर खोवा और दूध की बढ़ती मांग को देखते हुए मिलावट की आशंका भी बढ़ गई है। ऐसे में मंडियों और दुकानों में खोया और अन्य दुग्ध उत्पाद खरीदने में सावधानी की बरतने की जरूरत है। खोवा में मिलावट की पहचान घरेलू उपाय से आसानी से जा सकती है। अगर खोवा या दुग्ध उत्पाद में किसी भी तरह की मिलावट का संदेह हो तो नगर निगम के टोल फ्री नंबर 18001805533 पर शिकायत दर्ज की जा सकती है। एफएसडीए टीम संबंधित प्रतिष्ठान में जाकर उत्पाद की

शहर की चारबाग स्थित राजा मंडी में मिठाई की दुकानों पर गुझिया बनाने के लिए प्रतिदिन करीब 25 क्विंटल खोया खरीदा जा रहा है। फुटकर में भी प्रतिदिन लगभग 25 क्विंटल की खरीदारी हो रही है। फिलहाल मंडी में भाव 300 रुपये प्रति किलो चल रहा है। मिठाई की दुकानों पर भाव 400 से 450 रुपये प्रति किलो है।

मांग बढ़ने से हरदोई, उन्नाव, सीतापुर जैसे आसपास के जिलों से भी खोवा शहर की मंडियों में आने लगा है। अक्सर एफएसडीए टीम के छापे के दौरान व्यापारी खोया से भरी टोकरियां छोड़कर जाते हैं। राजा मंडी के व्यवस्थापक अनूप पांडे का कहना है कि संदेह होने पर खोया की जांच मदर टिंचर से की जाती है। दूध और दूध से बन उत्पादों में स्टार्च की मिलावट की जाती है।



मंडी में खोवा की खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

### ऐसे करें मिलावट की पहचान

- एफएसडीए के मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेपी सिंह ने बताया कि दूध से निर्मित कोई भी उत्पाद जैसे छेना, खोवा, रसगुल्ला, पनीर या खोवा से बनी मिठाई में स्टार्च की मिलावट की आसानी से पहचान की जा सकती है। खोवा की जांच के लिए थोड़ी सी मात्रा लेकर शीशे के बर्तन में थोड़ा पानी मिलाकर गरम कर लें और एक बूंद आयोडीन टिंचर डालने पर यदि रंग नीला हो जाए तो स्टार्च की मिलावट है।



आशियाना के सेक्टर एल में पिता की हत्या करने के आरोपी के घर पर उमड़ी पड़ोसियों व रिश्तेदारों की भीड़।



मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

## बीकॉम की पढ़ाई कर रहा आरोपी

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस के मुताबिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अक्षत प्रताप सिंह बीकॉम का छात्र है और टीएस मिश्रा कॉलेज में अध्ययनरत है। उसके पिता मानवेंद्र प्रताप सिंह के परिवार में पत्नी, बेटा अक्षत प्रताप सिंह और बेटी कृति सिंह हैं। कृति आशियाना स्थित एलपीएस में 11वीं की छात्रा है। मानवेंद्र की आशियाना सालेह नगर और बुद्धेश्वर रोड पर वर्धमान पैथालॉजी के नाम से लैब संचालित थी। इसके अलावा उनके दो शराब के ठेके भी बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार मानवेंद्र का छोटा भाई एसएस रजावत यूपी पुलिस में कार्यरत है और वर्तमान में विधानसभा सुरक्षा ड्यूटी में तैनात है। वह मकान के दूसरे तल पर अपनी पत्नी नम्रता, बेटे छोटू और बेटी सोनम के साथ रहते हैं। बताया गया कि वह 20 फरवरी को अपने गांव गए थे।

## पिता के मित्र को सुनाई आत्महत्या की कहानी

पड़ोसी धर्मेंद्र सिंह के अनुसार मानवेंद्र के करीबी मित्र सोनू गुप्ता हैं। सोमवार को गुमशुदगी दर्ज कराने के बाद अक्षत ने सोनू गुप्ता को बताया कि उसके पिता ने आत्महत्या कर ली है। अचानक यह बात सामने आने पर मृतक के मित्र को गहरा झटका लगा। इसके बाद कालोनी में मानवेंद्र के अन्य करीबियों से संपर्क किया गया, जहां कई लोगों ने अक्षत की गतिविधियों पर संदेह जताया।

# दिन में सब्जी बेचकर रेकी, रात में करते थे चोरी

## आरोपियों के पास से 18 लाख रुपये के जेवर, बाइक, मोबाइल व नकदी बरामद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- क्राइम ब्रांच व मड़ियांव पुलिस ने किया चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा



**अमृत विचार :** क्राइम ब्रांच व मड़ियांव पुलिस की संयुक्त टीम ने बंद मकानों में चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। इस गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी दिन में सब्जी बेचकर बंद मकानों की रेकी करते थे और देर रात ताला तोड़कर लाखों का माल पार कर देते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 18 लाख रुपये के जेवर, वारदात में प्रयुक्त बाइक, दो मोबाइल व 8800 रुपये नकद बरामद किए हैं।

एडीसीपी उत्तरी ऋषभ रुणवाल के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में मड़ियांव के अन्ना मार्केट निवासी सोनू वर्मा उर्फ बोगा और अजीजनगर सेमरागढ़ी निवासी सुंदरलाल गुप्ता शामिल हैं। दोनों के खिलाफ कई थानों में चोरी, शस्त्र अधिनियम और गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का दावा है कि दोनों ने मड़ियांव इलाके में दो और सैरपुर में एक वारदात को अंजाम दिया था।

इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा के मुताबिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पहले बंद पड़े मकानों की रेकी करते थे। जब घर के सदस्य बाहर चले जाते थे, तब रात या सुनसान समय में ताला या खिड़की तोड़कर अंदर घुसते और सोने-चांदी के जेवर व नकदी चोरी कर लेते थे। चोरी का सामान स्थानीय सर्राफा बाजार में बेचकर रुपये आपस में बांट लेते और निजी खर्च में इस्तेमाल करते थे।

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने मड़ियांव इलाके में 7 दिसंबर 2025 और 16 फरवरी को वारदात को अंजाम दिया था। उनके पास से बरामद सामान में मंगलसूत्र, हार, चेन, झुमकी, कड़ा, पायल, पाजेब, चांदी की प्लेट, गिलास और लड्डू गोपाल की मूर्ति समेत बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के जेवर शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### मोबाइल शॉप समेत तीन जगह लाखों की चोरी

अमृत विचार, लखनऊ : मड़ियांव व जानकीपुरम इलाके में मोबाइल शॉप समेत तीन स्थानों पर लाखों रुपये की चोरी हुई। पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली है। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है। जानकीपुरम गार्डन निवासी अभिषेक चौधरी की मड़ियांव में सीतापुर रोड स्थित मां दुर्गा कॉम्प्लेक्स में 'श्री मोबाइल' के नाम से दुकान है। अभिषेक के मुताबिक 22 फरवरी की रात करीब 2:40 से 3:20 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुसकर लगभग 30 नए मोबाइल, 10 पुराने मोबाइल, चार टैबलेट और करीब 10 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। घटना की पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है। वहीं जानकीपुरम विस्तार निवासी ओमवीर सिंह ने बताया कि वह 14 फरवरी को पारिवारिक कार्यक्रम में नोएडा गए थे और 19 फरवरी को लौटने पर घर का ताला टूटा मिला। चोर बक्सा तोड़कर करीब पांच लाख रुपये के जेवर, 5.20 लाख रुपये नकद, साड़ियां, लेडीज सूट व अन्य सामान चोरी कर ले गए। सूचना पर 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को जानकारी दी गई। इसके अलावा एलडीए सेक्टर-6 निवासी आनंद प्रकाश के घर भी चोरों ने सेंध लगाकर लाखों की चोरी कर ली। तहरीर के अनुसार, मध्यरात्रि में रसोई की खिड़की व लोहे की ग्रिल काटकर घर में प्रवेश किया गया और मुख्य द्वार का ताला क्षतिग्रस्त कर दिया गया। चोर 25 हजार रुपये नकद, दो सोने की अंगूठियां, तीन चांदी के सिक्के तथा सीसीटीवी कैमरे की हार्ड डिस्क समेत अन्य सामान ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जांच की जा रही है।

# ट्यूशन टीचर ने किशोरी का किया 20 दिन तक दुष्कर्म, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दर्ज थी रिपोर्ट, रविवार देर रात आरोपी को दबोचा



**अमृत विचार:** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में ट्यूशन टीचर ने किशोरी का 20 दिन में कई बार दुष्कर्म किया। 13 वर्षीया छात्रा गर्भवती हो गई। टीचर ने उसका गर्भपात करा दिया। इसके बाद मुंह बंद रखने की धमकी देने लगा। तबीयत ज्यादा खराब होने पर छात्रा ने मां को पूरी जानकारी दी। पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रविवार देर रात को आरोपी टीचर को गिरफ्तार कर लिया है।

इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन किशोरी मूलतः बिजनौर जनपद की रहने वाली है। यहां अपने परिवार के साथ सुशांत गोल्फ सिटी में रहती है। वह कक्षा-9 की छात्रा है। उसके माता-पिता सरकारी नौकरी करते हैं। पुलिस पिता की तहरीर पर आरोपी टीचर वीर सिंह यादव उर्फ विराज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी को रविवार देर रात को अवध विहार योजना में बने गोमती एन्क्लेव से गिरफ्तार कर लिया गया है। वह मूलतः बांदा के बबेरु का रहने वाला है।

### दे रखी थी धमकी

परिजन का आरोप है कि 22 जनवरी को किशोरी के माता-पिता अपने कार्यालय गये थे। दादी घर के बाहर धूप में बैठी थी। वीर सिंह यादव छात्रा के घर पहुंचा। उसे अकेला पाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दी। छात्रा उसकी धमकी से डरकर चुप रही। इसके बाद आरोपी ट्यूशन पढ़ाने के बहाने दोपहर में आने लगा। ब्लैकमेल कर 12 फरवरी तक कई बार दुष्कर्म किया। इस दौरान किशोरी गर्भवती हो गई। उसे दवा देकर गर्भपात करा दिया। तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर उसने मां को पूरी जानकारी दी। डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश में चार टीमें लगाई गई थी। रविवार देर रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# हादसे में घायल इवेंट मैनेजर की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिवार में पत्नी सविता और तीन बच्चे हैं

**अमृत विचार:** मड़ियांव में सड़क हादसे में घायल इवेंट मैनजर दयाल (45) की रविवार देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। सोमवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

जानकीपुरम मिर्जापुर निवासी दयाल इवेंट मैनेजर थे। परिवार में पत्नी सविता और तीन बच्चे हैं। परिजन के मुताबिक दयाल शनिवार देर रात एक इवेंट से घर लौट रहे थे। मड़ियांव के पास यू-टर्न आ गया। सामने से किसी वाहन की लाइट आंखों में लगी। लाइट के लगने से बाइक बेकाबू हो गई और वह पेड़ से टकरा गए। हादसे को देखकर वहां से निकल रहे राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। अस्पताल में इलाज के दौरान दयाल की मौत हो गई।

# रिटायर्ड शिक्षिका से 34.75 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीबीडी थाने में कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज




**अमृत विचार :** रिटायर्ड शिक्षिका मधु जैन से जालसाजों ने निवेश पर मोटे मुनाफे का लालच देकर 34.75 लाख रुपये ठग लिए। जानकारी होने पर पीड़िता ने बीबीडी थाने में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद उन्होंने कोर्ट में अर्जी दाखिल की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बीबीडी यूनिवर्सिटी के सामने रॉयल एन्क्लेव निवासी 75 वर्षीय मधु जैन शिक्षिका के पद से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने बताया कि बाराबंकी के नवाबगंज, आजादनगर निवासी आशुतोष द्विवेदी ने उनके मानसिक रूप से अस्वस्थ दिव्यांग बेटे अमित से दोस्ती की और उसे निवेश पर मुनाफे का लालच दिया। जुलाई 2025 से नवंबर के बीच आरोपी ने ऑनलाइन 3.25 लाख रुपये और अलग-अलग तिथियों में 31.50 लाख रुपये नकद ले लिए। ऑनलाइन रकम उनके और बेटे के संयुक्त खाते से ट्रांसफर की गई थी।

जब निवेश के दस्तावेज और रसीद मांगी गई तो आरोपी टालमटोल करने लगा। दबाव बनाने पर उसने अपशब्दों का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी दी। साजिश के तहत बेटे से पांच सादे कागजों पर हस्ताक्षर और अंगूठा निशान भी लगवा लिया। आशंका है कि उनका दुरुपयोग किया जा सकता है। इस संबंध में पीड़िता ने बीबीडी थाने में 11, 22 और 27 दिसंबर को शिकायत दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर राम सिंह के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

# फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर महिला से ठगी, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पारा इलाके के आशुतोष नगर देवपुर निवासी महिला की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर दुरुपयोग किया गया। उसके नाम पर ठगी का प्रयास किया गया। पीड़िता को जानकारी हुई तो आपत्ति की। आईडी संचालित करने वाले ने धमकी दी कि उसकी अश्लील वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। पीड़िता ने थाने में शिकायत की। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

आशुतोष नगर देवपुर पारा निवासी महिला के मुताबिक उसकी फर्जी इंस्टग्राम आईडी "rekha13340" नाम से बनाई गई। जिसमें उनके नाम और तस्वीरों का प्रयोग किया जा रहा है। इससे उनकी सामाजिक छवि व निजता प्रभावित हो रही है। इस फर्जी आईडी से उसकी पहचान का गलत प्रयोग किया जा रहा है। साइबर ठगी की आशंका लग रही है। आरोप है कि आईडी के जरिये संचालक से संपर्क कर आपत्ति जताई तो आरोपी ने उसे धमकी देनी शुरू की। आरोप है कि अश्लील वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी दी। पुलिस के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# रिश्तेदारों ने हड़पे 10 लाख रुपये मांगने पर पीटा, एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सैरपुर भौली रोड की घटना पुलिस कर रही मामले की जांच



**अमृत विचार :** बक्शी का तालाब स्थित भौली रोड निवासी हर्ष श्रीवास्तव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि उनके रिश्तेदारों ने 10.10 लाख रुपये हड़प लिए। रुपये मांगने पर पिटाई की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर कोर्ट में याचिका दायर की। कोर्ट के आदेश पर बीकेटी थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भौली रोड निवासी हर्ष श्रीवास्तव के मुताबिक उनके रिश्तेदार अरुण कुमार श्रीवास्तव और उनकी पत्नी नूतन श्रीवास्तव उर्फ रिंकी, निवासी भगवत नगर, आलमनगर, तालकटोरा ने जरूरत बताकर उनसे 10.10 लाख रुपये उधार लिए थे। इसमें 8.10 लाख रुपये बैंक खाते में और दो लाख रुपये नकद दिए गए थे। समय सीमा समाप्त होने के बाद रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी। रिश्तेदारों के माध्यम से दबाव डालने पर दो जनवरी 2026 को आरोपी दंपती दो अज्ञात लोगों के साथ उनके घर पहुंचे और मारपीट की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसकी शिकायत बीकेटी थाने में की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट में अर्जी दी। कोर्ट के आदेश पर बीकेटी थाने में आरोपी दंपती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# इंस्पेक्टर व चौकी प्रभारी की फोटो लगाकर बनाई रील

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पारा थाने में चौकी प्रभारी की तहरीर पर एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार:** पारा के न्यू कांशीराम कालोनी निवासी हिमांशी यादव ने इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह व चौकी प्रभारी की तस्वीर लगाकर रील बनाई। फिर उन्हें अंजाम भुगतने की धमकी दी। यह आरोप लगाते हुए हंसखेड़ा चौकी प्रभारी मुन्ना लाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चौकी इंचार्ज मुन्नालाल ने बताया कि हिमांशी यादव के खिलाफ पारा थाने में मारपीट, लूट और अवैध वसूली के करीब आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी महिला के खिलाफ दर्ज लूट के मामले की विवेचना चौकी इंचार्ज मुन्नालाल कर रहे है। वह हिमांशी को गिरफ्तार कर जेल भी भेज चुके हैं। चौकी इंचार्ज ने बताया कि 20 फरवरी को उन्हें इंस्टाग्राम पर एक वीडियो देखा। वीडियो हिमांशी यादव ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर पोस्ट की थी। आरोप है कि वीडियो में हिमांशी ने जान बूझकर इंस्पेक्टर पारा और उनकी फोटो का उपयोग किया। उसमें आरोपी ने पुलिस कर्मियों को गाली-गलौज और अभद्र टिप्पणी की। आरोपी की इस हरकत के कारण पुलिस की छवि धूमिल हुई। लोक सेवक को उसके विधिक कर्तव्यों के निर्वहन से रोकने का भी प्रयास किया है। चौकी इंचार्ज ने आरोपी महिला के खिलाफ पारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

# पांच करोड़ की हेरोइन के साथ तस्कर को घेराबंदी कर पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एएनटीएफ व ठाकुरगंज पुलिस ने संयुक्त आपरेशन में की कार्रवाई
- स्कूटी से 507 ग्राम हेरोइन लेकर बेचने जा रहा था तस्कर

**अमृत विचार:** एएनटीएफ और ठाकुरगंज पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में रविवार देर शाम को हेरोइन तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 507 ग्राम हेरोइन मिला है। जिसकी कीमत करीब पांच करोड़ रुपये आंकी गई है। आरोपी के पास से स्कूटी व दो मोबाइल और नकदी बरामद हुआ है। एएनटीएफ ने ठाकुरगंज थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है।

एएनटीएफ के एसआई कुलदीप शर्मा के मुताबिक सूचना मिली की हेरोइन तस्करी के लिए कुछ लोग ठाकुरगंज इलाके में पहुंचने वाले है। इस पर ठाकुरगंज पुलिस से संपर्क किया। संयुक्त टीम ने ठाकुरगंज के रोशनाबाद कालोनी बालागंज में घेराबंदी की। मौके से स्कूटी सवार युवक को दबोच लिया। उसकी तलाशी ली गई तो पास से 507 ग्राम हेरोइन मिला। इसके अलावा स्कूटी, दो मोबाइल व 1120 रुपये बरामद हुआ। ठाकुरगंज इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह के मुताबिक आरोपी राहुल रावत उर्फ राहुल निषाद गऊघाट ठाकुरगंज का रहने वाला है। पूछताछ में बताया कि कुड़िया घाट में पुड़िया बनाकर बेचता था। आरोपी के खिलाफ एएनटीएफ की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को कोर्ट के में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

अपराध

पारा के बुद्धेश्वर चौराहे के पास है कैफे, एफआईआर दर्ज

# द डेली ग्रांड कैफे में चल रहा था हुक्का बार, 14 गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हुक्का, फ्लेवर तंबाकू समेत अन्य सामान बरामद
- तंबाकू उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज
- दो संचालक पकड़े गए, तीसरा संचालक रुद्र मौर्या फरार




**अमृत विचार :** पारा के बुद्धेश्वर चौराहे के पास स्थित 'द डेली ग्राण्ड कैफे' में बिना अनुमति के हुक्का बार संचालित हो रहा था। जानकारी मिलने पर पुलिस ने छापेमारी की। मौके से 14 युवकों को गिरफ्तार किया गया। वहां से हुक्का, फ्लेवर तंबाकू समेत अन्य सामान बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह के मुताबिक 17 फरवरी को पुलिस टीम ने आलमनगर रोड स्थित एचडीएफसी बैंक की ऊपरी मंजिल पर संचालित 'द डेली ग्राण्ड कैफे' में हुक्का बार चलने की सूचना पर छापा मारा। अंदर युवक टेबल पर बैठकर हुक्का पीते मिले। पुलिस को देखकर उन्होंने भागने का प्रयास किया, लेकिन घेराबंदी कर 14 आरोपियों को पकड़ लिया गया। कैफे से पांच हुक्का, छह हुक्का पाइप, 30 पैकेट फ्लेवर तंबाकू, पांच सिलिकॉन चिलम, 50 फिल्टर, चार पैकेट कोयला व एक पैकेट सिल्वर फॉयल बरामद हुआ।

पूछताछ में संदीप मौर्या ने बताया कि कैफे में हुक्का संचालन वह अपने साथियों रुद्र मौर्या और अरुण गौतम के साथ मिलकर करता है। तीनों इसके संचालक हैं। हालांकि छापे के दौरान एक अन्य संचालक मौके पर नहीं मिला। हुक्का बार संचालन का लाइसेंस मांगे जाने पर वे दस्तावेज नहीं दिखा सके। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में आलोक यादव उर्फ छोटू, सैफ, दीपक ओझा, सुजीत यादव, फरहान, कार्तिक राजपूत, सत्यम यादव, मोहम्मद साहिल, संदीप मौर्या, अभय मौर्या, अरुण गौतम, वंश गुप्ता, विशु सिंह और अनुपम गुप्ता शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक संदीप और अरुण संचालक हैं, जबकि तीसरा संचालक रुद्र मौर्या फरार है। उसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

## नकली सोने के जेवर देकर ज्वैलर्स से ठगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीकेटी के नवीकोट नंदना में रुद्राक्ष ज्वैलर्स में नकली सोने के जेवर गिरवी रखकर जालसाज ने 70 हजार रुपये ठग लिये। नवीकोट नंदना कोटवा रोड निवासी सारिका राजपूत के मुताबिक उनकी रुद्राक्ष ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। 5 दिसंबर 2025 को दोपहर करीब एक बजे दो ग्राहक दुकान पर आए और नकली ज्वैलरी की अंगूठी रखकर 14 हजार रुपये लेकर चले गए। करीब दो घंटे बाद एक अन्य ग्राहक आया, जिसने नकली सोने की चेन देकर असली सोने के जेवर ले लिए। आरोपी ने दो सोने की अंगूठी, एक जोड़ी झाला, एक लॉकेट करीब छह ग्राम के जेवर जिनकी कीमत 70 हजार रुपये थी, साथ लेकर चला गया।

## आया वसंत, छाई शोभा अनंत



वसंत की आहट के साथ पक्षियों के कलरव से गुंजायमान होने लगे बाग-बगीचे। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णानगर क्षेत्र के शिवम नगर, मानस नगर स्थित रोहिणी मोंटेसरी स्कूल का वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इसमें बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक प्रदीप कुमार तिवारी एवं निदेशिका रोहिणी तिवारी ने किया। जिसके बाद स्कूल की छात्राओं ने मनमोहन नृत्य के साथ सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर हर किसी को भाव विभोर कर दिया। मुख्य अतिथि डॉ अतुल रस्तोगी रहे। बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें युग परिवर्तन, रानी लक्ष्मीबाई नाट्य मंचन, मोबाइल एक विभीषिका, खानपान से संबंधित कार्यक्रम सराहनीय रहे। नन्हे मुन्ने बच्चों के सामूहिक नृत्य, देश भक्ति पर आधारित गायन इत्यादि कार्यक्रम आकर्षण के केंद्र रहे।

### वर्टिकल सीरीज शीन की शूटिंग शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** इम्पल्स सिने एंटरटेनमेंटस प्राइवेट लिमिटेड और चिराग भसीन प्रोडक्शन के संयुक्त बैनर तले बनने वाली वर्टिकल सीरीज़ शीन की शूटिंग सोमवार को शुरू हुई। वर्टिकल सीरीज़ शीन के निर्माता प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि यह एक प्रेम कहानी नहीं, बल्कि आज के दौर की सामाजिक सच्चाइयों का आईना है। उन्होंने बताया कि इसमें आज की युवा पीढ़ी की सोच, भावनाओं और डिजिटल दुनिया में उनके रिश्तों की जटिलताओं को दर्शाया जाएगा। इस सीरीज में यह दर्शाने की कोशिश की गई है कि किस तरह सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को प्यार होता है, रिश्ते बनते और टूटते हैं, और कई बार भावनात्मक आवेग में आकर वह गलत कदम भी उठा लेते हैं। इसके निर्देशन की बागडोर चिराग भसीन ने संभाली है। निर्देशक चिराग भसीन ने बताया कि सीरीज़ युवाओं की वास्तविक समस्याओं और मानसिक संघर्षों को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करेगी। भसीन ने बताया कि इस सीरीज़ में कबीर, रूही शर्मा, मुकुल, निकिता सिंघला और प्रदीप श्रीवास्तव मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

### संदीप के लिवर से युवक को मिला नया जीवन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ब्रेन डेड घोषित घोषित 42 वर्षीय संदीप कुमार के परिजनों ने उनके अंगदान का निर्णय लिया। इससे पांच मरीजों को नई जिंदगी मिली। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में एक मरीज को संदीप के लिवर प्रत्यारोपण किया गया। मरीज की हालत में तेजी से सुधार हो रहा है। चिकित्सकों ने रविवार शाम संदीप के अंगों को निकाल लिया। पीजीआई में लिवर प्रत्यारोपण के लिए उपयुक्त मरीज न होने से केजीएमयू प्रशासन से संपर्क किया गया। केजीएमयू की कुलपति ने लिवर रिसीपिएंट की पहचान कराई और प्रत्यारोपण की सभी औपचारिकताएं पूरी कराईं। रविवार को अवकाश होने के बावजूद ऑपरेशन थिएटर, आवश्यक दवाओं और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम की त्वरित व्यवस्था की गई। लिवर प्रत्यारोपण के लिए प्रतीक्षारत 35 वर्षीय युवक को चयनित कर रविवार शाम सर्जरी शुरू की गई। गैस्ट्रो सर्जरी और एनेस्थीसिया विभाग की टीम ने 36 घंटे से अधिक लगातार सर्जरी कर सोमवार तड़के करीब 4 से 5 बजे सफलतापूर्वक प्रत्यारोण कर दिया। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह के अनुसार मरीज को एक्स्ट्यूबेट कर कृत्रिम श्वसन नली हटा दी गई है। सभी महत्वपूर्ण पैरामीटर सामान्य हैं और स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है। संदीप के परिजनों का यह निर्णय न केवल पांच जिंदगियों के लिए नई उम्मीद बना, बल्कि समाज को अंगदान के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता का संदेश भी दे गया।

# ग्रीन कॉरिडोर पर चार दिन बाद दौड़ने लगेंगे वाहन

## 28 को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी करेंगे लोकार्पण, 10 मिनट में पहुंचेंगे आईआईएम रोड से समतामूलक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की ओर से डालीगंज से समतामूलक चौक तक बनवाए गए ग्रीन कॉरीडोर फेज-2 का लोकार्पण 28 फरवरी को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इसके साथ ही रूट आम लोगों के आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। इस रूट पर डालीगंज से निशातगंज होते हुए समतामूलक चौक तक वाहनों को जाने में छह से सात मिनट लगेंगे। नए रूट से न केवल जाम से निजात मिलेगी बिल्क लंबी दूरी भी तय नहीं करनी पड़ेगी।



बिजली की दूधिया रोशनी से जगमगाता ग्रीन कॉरिडोर। अमृत विचार

यह रूट पहले से आईआईएम रोड से डालीगंज तक संचालित फेज-1 से जुड़ेगा। इससे आईआईएम रोड से डालीगंज और निशातगंज से होते हुए सीधे 10 मिनट में समतामूलक तक वाहनों से आनाजाना होगा। इसके आगे ग्रीन कॉरिडोर को किसान पथ से जोड़ने के लिए एलडीए ने फेज-3 और फेज-4 का निर्माण भी तेज कर दिया है। तीसरे एवं चौथे चरण में समतामूलक चौक से किसान पथ तक बंधा रोड, फ्लाईओवर, ब्रिज व शहीद पथ पर इकाना स्टेडियम के पास फ्लाईओवर बनेगा। तीसरे चरण में पिपराघाट से शहीद पथ के बीच समतलीकरण का काम लगभग हो चुका है। बारिश से पहले लैंड फिलिंग का कार्य पूरा हो जाएगा। इस पांच किमी लंबे स्ट्रेच में कॉरिडोर बनने से कैंट से अयोध्या रोड व कानपुर रोड की ओर जाने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी। इसी तरह कुल चार चरणों में आईआईएम रोड से किसान पथ तक 28 किमी ग्रीन कॉरिडोर बनेगा।

### निशातगंज पर चक्र, हॉर्टिकल्चर से सजाई रोटरी




ग्रीन कॉरिडोर के चौराहे पर लगाया गया चक्र।

■ एलडीए ने फेज-2 के लोकार्पण की तैयारी तेज कर दी है। डालीगंज, निशातगंज और समतामूलक चौक पर वाहनों के मुड़ने के लिए रोटरी बनाई है। सभी रोटरी हॉर्टिकल्चर कार्य और लाइटिंग से सजाई है। जबकि निशातगंज पर बनी रोटरी में तीन चक्र रखे हैं। इसका नामकरण भी किया जा सकता है। रोटरी की फिनिशिंग, रंग-रोगन, लाइटिंग, डिवाइरों पर पौध-रोपण, डिवाइडर और वाल पेंटिंग, पोल पर रंग-बिरंगी लाइटें आदि सजावट के कार्य पूर्ण हो गए हैं।

### भार्गव के चित्रों की प्रदर्शनी शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** लाल बारादरी स्थित राज्य ललित कला अकादमी में सोमवार को प्रो. पृथ्वीनाथ भार्गव की कृतियों की प्रदर्शनी शुरू हुई। इसमें रेखांकन, जलरंग, दृश्य चित्रण, फोक एवं पोर्टेट आधारित 114 कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। प्रदर्शनी 27 फरवरी तक दोपहर 11 बजे से शाम 6 बजे तक खुली रहेगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन अकादमी के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र मिश्र, सदस्य डॉ. सुनील कुमार सिंह कुशवाहा, किरण सिंह राठौर ने किया। प्रो. भार्गव के पुत्र डॉ. आरके भार्गव, डॉ. सरोज भार्गव, शोध छात्रा एवं मोनोग्राफ की लेखिका डॉ. आभा ने उनके कलाकर्म एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। अकादमीं के पूर्व अध्यक्ष सीताराम कश्यप, पूर्व उपाध्यक्ष उमेश कुमार सक्सेना, डॉ. सुनील कुमार सक्सेना, संदीप भाटिया, प्रतिमा सिंह एवं अन्य कलाकार मौजूद रहे।

# राणी सती दादी को रिझाने के लिए गाए भजन और किया नृत्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः गोमती तट स्थित खाटू श्याम मंदिर में राणी सती दादी मंगल पाठ का आयोजन किया गया। इसमें डिंपल अग्रवाल ने मंगल पाठ वाचिक किया। भक्तों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दादी को रिझाया।

इस अवसर पर दादी के दरबार को आकर्षक और रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया। मंगल पाठ में 300 से अधिक दादी भक्तों ने सहभागिता की। दादी जी मित्र मंडल ने दादी का मंगल पाठ कर छप्पन भोग लगाए। हल्दी व मेहंदी की रीत रिवाज निभाई गई। महिलाओं को सुहाग सामग्री भेंट की गई। श्रद्धालुओं ने राणी सती दादी की कथा सुनी और उनकी महिमा का गुणगान किया। मंगल पाठ के अवसर पर राणी सती दादी के मंदिर में विशेष पूजा की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर पूनम अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, महामंत्री रूपेश अग्रवाल, अनुराग साहू, आशीष अग्रवाल, महेश गर्ग, पंकज मिश्रा और बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।



गोमती तट स्थित खाटू श्याम मंदिर में राणी सती दादी का मंगल पाठ करती डिंपल अग्रवाल और मौजूद भक्त। अमृत विचार

### बस से खाटू श्याम धाम रवाना हुए 40 भक्त

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** श्याम ज्योत मंडल के तीन दिवसीय श्याम निशानोत्सव का सोमवार को संपन्न हो गया। तिलकनगर से 40 श्याम प्रेमी बस से खाटू श्याम धाम रवाना हो गए। मीडिया प्रभारी अनुपम मित्तल ने बताया कि मनीष, बच्चू, ज्योति, महेंद्र पहली बार खाटू धाम यात्रा में जा रहे हैं। अनुराग बालामऊ, महावीर सीए, आलोक अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, श्रवण अग्रवाल, राजरानी अग्रवाल, सुनील गुड्डू, डालीगंज, महेंद्र मुंशीपुलिया, राजू बाजपेयी, रितेश अवस्थी, शुभम अग्रवाल, मुकेश कंछल, ज्योति यादव, अमित कंछल, अमित अग्रवाल खाटू धाम यात्रा में गए हैं। ये मंगलवार को सीकर स्थित श्याम कुंज लखनऊ वालों की धर्मशाला पहुंचेंगे। वहां से 17 किलोमीटर पैदल चलकर बाबा खाटू मंदिर पहुंचेंगे।




रवाना होने से पहले श्याम भक्त।

### सिद्ध शक्तिपीठ सत्य मंदिर में हुए भगवान के त्रिशूल रूप दर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरा नगर स्थित सिद्ध शक्तिपीठ सत्य मंदिर और फैजाबाद रोड स्थित भवानीपुर (अनोरा कला) स्थित सिद्ध शक्तिपीठ सत्यतीर्थ आश्रम में भगवान के त्रिशूल रूप दर्शन का वार्षिक समारोह अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। आध्यात्मिक गुरु पूनम एवं दिव्य शक्ति योगीराज अभिनव महाराज की मौजूदगी में कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान की वाणी के पाठ से हुआ। श्रद्धालुओं से दिव्य शक्ति मां पूनम ने कहा कि जब मनुष्य असत्य, अधर्म और अन्याय के मार्ग पर चलता है तो उसे जीवन में संघर्ष, कष्ट एवं विपत्तियों का सामना करना पड़ता है, जबकि सत्य, धर्म और न्याय का मार्ग ही भगवान की कृपा एवं संरक्षण का द्वार खोलता है। उल्लेखनीय है कि लगभग 46 वर्ष पूर्व 23 फरवरी को कृष्णचेतनावतार देवी मां द्वारा भगवान के लिपि रूप पर प्रसाद अर्पण के समय प्रसाद में भगवान के त्रिशूल रूप के दर्शन हुए थे। उसी अलौकिक घटना की स्मृति में प्रतिवर्ष यह समारोह श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है। 31 मार्च 1972 से कृष्णचेतनावतार देवी मां की भागवत शक्ति चालित लेखनी से भगवान की वाणी लिपि रूप में प्रकट होना आरंभ हुई। अब तक इस वाणी के 400 से अधिक खंड प्रकाशित हो चुके हैं।

# दीन और हम कक्षाओं में शांत हो रहीं जिज्ञासाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** एनुल हयात ट्रस्ट की ओर से रमज़ान में दीन और हम नाम से कक्षाओं का सिलसिला जारी है। पुराने शहर के 6 स्थानों पर यह कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। इन कक्षाओं में धर्मगुरुओं द्वारा नई पीढ़ी को कुरआन की रोशनी में धार्मिक ज्ञान दिया जा रहा है।

दीन और हम नाम से होने वाली अल्मास मैरिज हाल में होने वाली धार्मिक कक्षा में मौलाना अली हादी ज़ैदी ने छात्रों को तौहीद के प्रारंभिक विषयों से अवगत कराया। इस कक्षा में शिक्षक ने ईश्वर के अस्तित्व पर क्या तर्क हैं, तौहीद का क्या अर्थ है, ईश्वर के होने के क्या प्रमाण हैं, तौहीद के कितने प्रकार हैं और इस तरह के अन्य सवालों के जवाब देते हुए रमजान के महीने में बच्चों को धार्मिक ज्ञान से परिचित कराया। इन कक्षाओं में यह कोशिश की जा रही है कि बच्चों को सही धर्म से अवगत कराया जाए, ताकि वे अपने जीवन में इसके माध्यम से धर्म पर चलकर सफलता के मार्ग पर आगे बढ़ सकें। रमजान के महीने में दीन और हम की कक्षाएं शहर के 6 अलग-अलग स्थानों पर चल रही हैं। इनमें 2 कक्षाएं अकबरी गेट स्थित गोल्डन पैलेस, 2 कक्षाएं नैपियर रोड स्थित अलमास हॉल, एक कक्षा मिलन हॉल दरगाह रोड और एक कक्षा एनके पैलेस दरगाह रोड पर रात 8 बजे से आयोजित की जा रही हैं। इन कक्षाओं का आयोजन हैदरी एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी, जमातुज़ ज़ेहरा, ताहा फाउंडेशन और तंज़ील अकादमी और दीन और ज़िन्दगी के सहयोग से किया जा रहा है।




दीन और हम नाम से कक्षा में सवालों के जवाब देते मौलाना।

### कुरान के साए में आना वाला महफूज हो जाएगा

**अमृत विचार, लखनऊ :** जामा मस्जिद ईदगाह में कुरआन का पहला दौर आज 5 रमजान को मुकम्मल हो गया। इस मौके पर इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली ने कहा कि जो भी कुरान के साए में आएगा महफूज हो जाएगा। मौलाना ने कहा कि कुरान और रमजान का आपस में गहरा संबंध है। इसी मुबारक माह में कायनात को पैदा करने वाले ने इंसानियत की रहनुमाई के लिए यह अपनी आखिरी किताब अपने आखिरी नबी पर उतारी। खुदा फरमाता है कि रमजान का महीना वह है जिसमें कुरान करीम उतरा जो लोगों के लिए हिदायत है। उन्होंने कहा कि कुरान करीम ऐसी मुबारक व मुकद्दस किताब है जो भी इसके साये में आयेगा वह महफूज हो जायेगा। जिसने भी अपनी जिन्दगी इस के अनुसार व्यतीत की वह खुदा पाक की रहमत के साये में आ जाएगा और गुनाहों से उसकी हिफाजत की जाएगी। जामा मस्जिद में आज तरावीह में कुरान करीम का पहला दौर मौलाना हाफ़िज़ मिनहाजुद्दीन कुरैशी ने मुकम्मल किया।

### इनहेलर की दवा खाने-पीने की नली में न जाए तो रोजा सही

कार्यालय आयतुल्लाह अल उज्मा सैयद सादिक़ हुसैनी शीराजी की ओर से जारी शिया हेल्पलाइन पर रोजेदारों ने 5 रामजान को दीनी और शरई सवाल पूछे। जिनका मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने जवाब दिया। शिया हेल्पलाइन पर एक रोजेदार ने पूछा कि अगर कोई दमे का मरीज रोजे की हालत में इनहेलर का इस्तेमाल करता है तो क्या हुक्म है? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि इनहेलर से निकलने वाली दवा अगर खाने-पीने की नली में नहीं जाती है तो रोजा सही है। हेल्पलाइन पर एक सवाल आया कि अगर कोई शख्स अपने घर से 30 किलोमीटर के सफर पर नौकरी करने जाता है तो उसके रोजे के लिए शरीयत ने क्या बयान किया है? इस सवाल के जवाब में कहा गया कि वह रोजा रख सकता है। एक रोजेदार ने पूछा कि अगर कोई शख्स रोजे की नीयत करे और दिन के किसी हिस्से में जान-बूझकर रोजा तोड़ दे तो क्या हुक्म है? जवाब में बताया कि जान-बूझकर रोजा तोड़ना हराम है और उसको तीन में एक कफ्फारा अदा करना होगा। सवाल आया कि कोई मरीज जोहर से पहले ठीक हो जाए तो रोजा रखना सही होगा? जवाब : उस शख्स ने कोई ऐसा काम नहीं किया है जो रोजे को टूट करता है, तो नीयत करके रोजा रख ले, उसका रोजा सही होगा।

## सिटी डायरी

### जोनल अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



जोनल अधिकारी को ज्ञापन देते व्यापारी।

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल की अमौसी एयरपोर्ट शाखा के प्रतिनिधियों ने सोमवार को क्षेत्र की समस्याओं को लेकर नगर निगम जोन -5 के जोनल अधिकारी को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे अध्यक्ष पवन कुमार तिवारी ने आरोप लगाया कि अमौसी एयरपोर्ट क्षेत्र में लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं के अभाव है। कई बार शिकायत की गई, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ज्ञापन में बताया कि बाग नंबर-3 एयरपोर्ट वीआईपी तिराहे से नादरगंज तक कई स्थानों पर नाला खुला होने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। सात दिन में समस्याओं का समाधान न होने पर प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में नगर आयुक्त कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी व्यापारियों ने दी है। प्रतिनिधिमंडल में शिवम गुप्ता, इरफान अली, बृजेंद्र शर्मा, आसिफ खान शामिल रहे।



थाने में पुलिसकर्मी को ज्ञापन देते व्यापारी।

### फिल्म का प्रदर्शन रोकने की मांग

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनी नगर स्थित उत्तर प्रदेश क्रांति उद्योग व्यापार मंडल और स्थानीय नागरिकों ने सोमवार को फिल्म यादव जी की लव स्टोरी के विरोध में नारेबाजी की और सरोजनी नगर थाने में ज्ञापन सौंपा। थाना प्रभारी को संबोधित ज्ञापन में फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग की गई है। कहा कि फिल्म के शीर्षक और कथानक से यादव समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं। प्रदर्शन में उत्तर प्रदेश क्रान्ति व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विजय सिंह यादव, सरोजनी नगर अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह यादव, कोषाध्यक्ष विशाल सिंह व विधानसभा क्षेत्र के सचिव कौशलेंद्र यादव आदि शामिल रहे।



पुलिस को जानकारी देते व्यापारी नेता।

### टीका लगाने पर स्कूल में रोका प्रवेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** राखी का धागा बंधा और टीका लगा होने पर कक्षा तीन और छह की छात्राओं का प्रवेश रोके जाने पर नाराजगी जताते हुए व्यापारी नेता की अगुवाई में लोगों ने प्रदर्शन कर विकास नगर थाने में तहरीर दी। संगठन के नगर मंत्री प्रशांत वर्मा अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल, महामंत्री योगेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष मंगलेश मिश्रा, युवा अध्यक्ष संजय जायसवाल, विकास वर्मा ने विद्यालय पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। पुलिस ने पहुंचकर हस्तक्षेप किया। पदाधिकारियों ने विकास नगर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



विरोध मार्च के दौरान नारेबाजी करते भाकपा माले के कार्यकर्ता।

### भाकपा ने निकाला मार्च

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाकपा (माले) की राज्य इकाई ने सोमवार को चारबाग से विधानसभा के लिए मार्च निकाला। मार्च को पुलिस ने मुख्य मार्ग से पहले भारी बैरिकेट लगाकर रोक दिया। इस बीच प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच धक्कामुक्की हुई। मार्च का नेतृत्व पार्टी की केंद्रीय समिति के सदस्यों ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा, कृष्णा अधिकारी और श्रीराम चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। राज्यपाल को संबोधित 15 सूत्री ज्ञापन सौंपा।

**सम्मेलन** — राजकीय आयुर्वेद कॉलेज में जुटे एनसीआईएसएम के अधिकारी, आयुर्वेद और यूनानी कॉलेजों के प्रबंधक

# आयुष चिकित्सा में गुणवत्ता बनाए रखने की आवश्यकता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** टूड़ियागंज राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में विश्व आयुर्वेद परिषद, उत्तर प्रदेश और राजकीय आयुर्वेद कॉलेज के तत्वाधान में आयुष हितधारक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें एनसीआईएसएम के अधिकारी, प्रदेश के सभी आयुर्वेद और यूनानी कॉलेजों के प्रबंधक, प्रधानाचार्य और शिक्षक शामिल हुए।

अस्पताल प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र ने बताया एनसीआईएसएम की अध्यक्ष प्रो. मनीषा उपेंद्र कोठेकर ने कहा कि आयुष के विकास में कॉलेज प्रबंधकों और शिक्षकों का योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने कॉलेजों में गुणवत्ता बनाए रखने और न्यूनतम मानकों का पालन करने पर जोर दिया।



पौधा देकर प्रो. मनीषा उपेंद्र कोठेकर का स्वागत करते प्राचार्य साथ में अन्य।

डॉ. मुकुल पटेल ने सभी महाविद्यालयों के चिकित्सालयों को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन पर पंजीकरण कराने की आवश्यकता बताई, ताकि समाज का डिजिटल स्वास्थ्य डेटा उपलब्ध हो और नीति निर्माण में मदद मिल सके। डॉ. सुश्रुत कनौजिया ने महाविद्यालय चिकित्सकों का प्रदेश स्तर पर पंजीकरण करने की जानकारी दी। सम्मेलन में संचालन संबंधी समस्याओं पर निजी कॉलेजों के प्रतिनिधियों को एनसीआईएसएम द्वारा सुझाव दिए गए। डॉ. सत्यपाल गुप्त स्मृति चरक उत्तरार्द्ध पुरस्कार भी वितरित किया गया, जिसमें गोल्ड मेडल कुमारी खुशबू शर्मा और रजत मेडल कुमारी मीनाक्षी तिवारी को मिला। प्राचार्य प्रो दिनेश कुमार मौर्य ने बताया कि प्रदेश में 17 आयुष चिकित्सालय संचालित हैं और आगरा, बस्ती, मेरठ, गोंडा व मिर्जापुर में नए महाविद्यालय स्थापित किए जाएंगे। राजकीय आयुर्वेद कॉलेज में स्किल लैब स्थापित करने की योजना भी है। कार्यक्रम में डॉ. सुरेंद्र चौधरी, प्रो. केके द्विवेदी, डॉ. विजय राय और डॉ. दीपक मिश्रा ने भी अपने विचार साझा किए।

# 3398 छात्रों ने छोड़ी अंग्रेजी, गणित व जीव विज्ञान की परीक्षा

## दोनों पालियों में सचल दलों ने किया 36 केंद्रों का निरीक्षण, प्रथम पाली में पाकशास्त्र, टंकण, फल व खाद्य, कंप्यूटर की भी हुई परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं-2026 सोमवार को दोनों पालियों में सकुशल सम्पन्न हुईं। प्रथम पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी के साथ पाकशास्त्र, टंकण, फल व खाद्य, कंप्यूटर आदि विषयों की परीक्षाएं आयोजित की गईं, जिनमें कुल पंजीकृत छात्रों में से 2475 छात्र अनुपस्थित पाए गए। जबकि दूसरी पाली में इंटरमीडिएट गणित व जीवविज्ञान की परीक्षाएं हुईं, जिसमें 923 छात्र परीक्षा देने नहीं पहुंचे। दोनों पालियों में कुल 3398 छात्र अनुपस्थित रहे। इस दौरान जिले में गठित सचल दलों ने 36 परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर नकलविहीन परीक्षा पर संतोष प्रकट किया।

माल क्षेत्र स्थित रामदुलारी काशी प्रसाद इंटर कॉलेज में प्रथम पाली की परीक्षा देकर निकले छात्र राज सैनी, तनुष, अभिजीत, अनुराग, सौरभ, मंजेश, अयान, मुकीद, आकाश, विष्णु समेत अन्य छात्र-छात्राओं ने अंग्रेजी का प्रश्नपत्र संतोषजनक बताया। अभिजीत व तनुष ने कहा कि प्रश्नपत्र पाठ्यक्रम के अनुरूप था। इंटरमीडिएट के छात्र दीपक द्विवेदी ने गणित का पेपर सरल बताया, वहीं शुभम अवस्थी ने भी परीक्षा को आसान बताया। उन्नाव के कुछ केंद्रों पर पाठ्यक्रम से अलग प्रश्न पूछे जाने की शिकायत पर संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मंडल डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि परीक्षा शांतिपूर्ण और नकलविहीन ढंग से चल रही है तथा प्रश्नपत्र पाठ्यक्रम के अंतर्गत ही हैं।

सचल दल प्रभारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि कुछ परीक्षा केंद्रों पर कक्ष निरीक्षक अपने परिचय पत्र जेब में रखकर ड्यूटी करते पाए गए। उन्हें तत्काल परिचय पत्र यथास्थान प्रदर्शित कर ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए।



प्रश्नपत्र दिखाते हाईस्कूल की परीक्षा देकर निकले छात्र। अमृत विचार

### मंडलीय सचल दल लगातार सक्रिय

- मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार के नेतृत्व में सचल दल ने रायबरेली के 14 परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। दल ने जनपदीय मॉनिटरिंग सेल व उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन केंद्र की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मंडल डॉ. प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश पर उड़ाका दल ने श्रीगांधी विद्यालय इंटर कॉलेज बछरावा, जीबीसीएल पब्लिक इंटर कॉलेज, उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज, जनपद इंटर कॉलेज हरिचंदपुर, चंद्रपाल इंटर कॉलेज गंगागंज, डॉ. हरवोबिंद प्रसाद जनता इंटर कॉलेज, हरदासपुर रायबरेली, धुन्नी सिंह आदर्श ग्रामीण इंटर कॉलेज सहित कुल 14 केंद्रों का निरीक्षण किया।



कंट्रोल रूम में परीक्षा केंद्रों की लाइव स्ट्रीमिंग देखते डॉ. दिनेश कुमार व सचल दल के सदस्य।

## लविवि में युवा गणितज्ञों का सम्मेलन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के गणित एवं खगोल विज्ञान विभाग द्वारा आज 'यंग मैथमेटिशियंस समिट–2026' का उद्घाटन किया जाएगा। भारत गणित परिषद के सहयोग से आयोजित यह स्नातकोत्तर छात्र सम्मेलन "छात्रों द्वारा, छात्रों के लिए" की अवधारणा पर आधारित है। कार्यक्रम का उद्देश्य उभरते गणितज्ञों में शैक्षिक उत्कृष्टता, नेतृत्व क्षमता और पारस्परिक सहयोग को बढ़ावा देना है। सम्मेलन में जम्मू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आर. के. सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा विभाग के वरिष्ठ शिक्षकों की सलाहकार समिति द्वारा तैयार की गई है। शिखर सम्मेलन में शुद्ध और अनुप्रयुक्त गणित से जुड़े विषयों पर छात्र प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण रहेंगी। प्रतिभागी पॉइंट सेट टोपोलॉजी, हिल्बर्ट स्पेस, वोल्ड डिकॉम्पोज़िशन प्रमेय और न्यूनतम बहुपद जैसी जटिल अवधारणाओं पर व्याख्यान सुनेंगे। इसके अलावा समूह सिद्धांत, जलवायु परिवर्तन के गणितीय मॉडल, अण्डाकार वक्र क्रिप्टोग्राफी, डिजिटल हस्ताक्षर तथा डेटा विज्ञान में टोपोलॉजी के उपयोग जैसे समकालीन विषयों पर भी चर्चा होगी।

## सिटी ब्रीफ

### कैडेट्स को 5 लाख का जीवन बीमा प्रमाण पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** 64 यूपी बटालियन एनसीसी लखनऊ विश्वविद्यालय के तीन सीनियर डिवीजन कैडेट्स ने मुख्यमंत्री आवास पर 5 लाख की 3 वर्षीय जीवन बीमा प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया। यह वह कैडेट्स है जिन्होंने दिल्ली की रिपब्लिक डे परेड में युवा आपदा मित्र स्टाल लगया था और इस स्टाल पर देश के उपराष्ट्रपति, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री और विभिन्न सेनाओं के सेना अध्यक्षों ने मुआयना किया था। यह कार्यक्रम 64 यूपी बटालियन एनसीसी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मंत्रीगण, यूपी एसडीएमए के उपाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री आवास के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सब जूनियर हॉकी टूर्नामेंट 13 मार्च से

**अमृत विचार, लखनऊ :** खेल विभाग की देखरेख में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय सब जूनियर हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी इस वर्ष लखनऊ को मिली है। प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 18 मार्च तक पद्मश्री मोहम्मद शाहिद हॉकी स्टेडियम और विजयंत खंड स्टेडियम में किया जाएगा। यह जानकारी क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अतुल सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश भर के खेल विभाग के हॉकी हॉस्टलों की टीमों के साथ–साथ प्रत्येक मंडल की टीमें हिस्सा लेंगी। कुल 18 मंडलों की टीमें, चार हॉस्टल और दो स्पोर्ट्स कॉलेज की टीमें खिताब के लिए मुकाबला करेंगी। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली लखनऊ मंडल टीम के गठन के लिए चयन ट्रायल जल्द आयोजित किए जाएंगे, जिसकी तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी।

### खिलाड़ियों को वितरित की गई किट

**अमृत विचार, लखनऊ :** आलमबाग स्थित गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज में खो–खो मैत्री मैच आयोजित किया गया। खेल उत्सव में महिला और पुरुष दोनों वर्गों के खिलाड़ियों ने अपना कौशल दिखाया। इस दौरान मुख्य अतिथि एआईआरएफ और एनएआरएमयू के महामंत्री और प्रबन्ध समिति अध्यक्ष शिवगोपाल मिश्र मौजूद रहे। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों के सभी खिलाड़ियों को ट्रैक सूट वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया।

# बीबीएयू का अंतरराष्ट्रीय शोध हुआ प्रकाशित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के शोधार्थियों एवं प्राध्यापकों द्वारा सतत विकास लक्ष्य–14 (एसडीजी-14: जल के नीचे जीवन) पर अंतरराष्ट्रीय शोध प्रकाशित किया गया है।

"मैपिंग रिसर्च ऑन एसडीजी 14 विदिन द ब्लू इकोनॉमी" शीर्षक अध्ययन में वर्ष 2000 से 2025 तक के 9,640 शोध-पत्रों का वैज्ञानिक विश्लेषण किया गया है। शोध दल में वीरेंद्र कुमार, प्रो. शिल्पी वर्मा, राजीव रंजन मिश्रा, श्वेता वर्मा, पूर्णिमा कुमारी तथा डॉ. जितेंद्र कुमार शामिल हैं। कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने इसे विश्वविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए टीम को बधाई दी। अध्ययन में समुद्री पारिस्थितिकी संरक्षण, सतत मत्स्य पालन और ब्लू इकोनॉमी के माध्यम से समावेशी आर्थिक विकास की संभावनाओं पर महत्वपूर्ण निष्कर्ष प्रस्तुत किए गए हैं।



# आईटीएफ जे-20 जूनियर टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन लखनऊ में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय टेनिस मानचित्र पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराने जा रही है। शहर को प्रतिष्ठित आईटीएफ जे-20 जूनियर टेनिस चैंपियनशिप (अंडर-18) की मेजबानी सौंपी गई है। प्रतियोगिता 2 मई से 9 मई तक गोमती नगर स्थित विजयंत खंड मिनी स्टेडियम के टेनिस एरीना में आयोजित की जाएगी। लखनऊ के टेनिस इतिहास में यह लगातार तीसरा अवसर है, जब इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के जूनियर टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है।

आठ दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में भारत के शीर्ष जूनियर खिलाड़ियों के साथ विदेशी खिलाड़ियों की भी भागीदारी की संभावना है, जिससे मुकाबले रोमांचक होने की उम्मीद है। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका एकल वर्ग में 32-32 खिलाड़ियों का मुख्य ड्रॉ रखा गया है, जबकि युगल वर्ग में 16-16 जोड़ियों को मौका मिलेगा। टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग राउंड 2 और 3 मई को खेले जाएंगे, जिसमें स्थानीय खिलाड़ियों को भी भाग लेने का अवसर दिया जाएगा। क्वालीफाइंग में बेहतर प्रदर्शन करने वाले आठ खिलाड़ी 4 से 9 मई तक चलने वाले मुख्य ड्रॉ में जगह बनाकर खिताब की दौड़ में शामिल होंगे।

यूपी टेनिस एसोसिएशन प्रदेश के उभरते खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मंच देने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल ने इसे बड़ी कामयाबी बताते हुए कहा कि लगातार तीसरे वर्ष जे-20 प्रतियोगिता की मेजबानी मिलना प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह आयोजन न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देगा, बल्कि उत्तर प्रदेश में टेनिस के विकास को भी नई गति प्रदान करेगा।



# अब कम छात्र संख्या वाले कॉलेज भी होंगे मर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** महाविद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति अब डिजिटल तरीके से दर्ज की जाएगी। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से जारी निर्देश के अनुसार सभी डिग्री कॉलेज छात्रों की मासिक औसत उपस्थिति पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करेंगे। इसके आधार पर विभाग कम छात्र संख्या वाले महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को अन्य कॉलेजों में समायोजित करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। अब तक अधिकांश महाविद्यालयों में उपस्थिति रजिस्टर में दर्ज की जाती थी। कक्षा समाप्त होने के बाद शिक्षक उपस्थिति का ब्यौरा विभागाध्यक्ष को सौंपते थे और सेमेस्टर के अंत में उसी आधार पर औसत उपस्थिति तैयार की जाती थी।

नई व्यवस्था के तहत शिक्षक प्रत्येक कक्षा के बाद उपस्थिति दर्ज करेंगे और उसे उसी दिन पोर्टल पर अपलोड करेंगे। इसके साथ ही प्रत्येक माह औसत हाजिरी भी ऑनलाइन दर्ज करनी होगी। कम छात्र संख्या वाले महाविद्यालयों के छात्रों को दूसरे कॉलेजों में समायोजित किया जा सकता है। ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली के लिए डिग्री कॉलेजों को प्रतिदिन समय सारिणी के अनुसार उपस्थिति का डेटा तैयार करना होगा। डिजिटल रिकॉर्ड से न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि भविष्य में छात्रवृत्ति, परीक्षा फार्म और नामांकन से जुड़ी प्रक्रियाओं को भी उपस्थिति डाटा से जोड़ा जा सकेगा।

# 15 से इकाना में अभ्यास करेंगे लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** क्रिकेट प्रेमियों का इंतजार अब खत्म होने को है। आठ मार्च को टी-20 विश्वकप फाइनल के बाद देश में एक बार फिर आईपीएल का रोमांच बढ़ने जा रहा है। इसी कड़ी में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने अपनी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंचा दी हैं। टीम का अभ्यास सत्र 15 मार्च से अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में शुरू होगा। 10 मार्च से खिलाड़ियों के लखनऊ पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाएगा, जिससे शहर का क्रिकेट माहौल एक बार फिर जीवंत हो उठेगा।

इस बार टीम की रणनीतिक कमान ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज टॉम मूडी (ग्लोबल क्रिकेट डायरेक्टर, एलएसजी) संभाल रहे हैं। जहीर खान के जाने के बाद टीम के बेहतर प्रदर्शन की जिम्मेदारी अनुभवी मूडी पर होगी, जो टीम के संतुलन और प्रदर्शन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की कोशिश करेंगे। पिछले सत्र की कमियों को दूर करने के इरादे से कप्तान ऋषभ पंत इस बार पूरी तैयारी के साथ मैदान पर उतरेंगे। आक्रामक बल्लेबाजी और तेज तर्रार विकेटकीपिंग के लिए पहचाने जाने वाले पंत एक बार फिर टीम के केंद्र में रहेंगे। वहीं 8.6 करोड़ की भारी भरकम राशि में शामिल हुए ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर जोश इंग्लिश इस बार टीम के एक्स-फैक्टर साबित हो सकते हैं।

एलएसजी का गेंदबाजी आक्रमण इस बार और मजबूत नजर आ रहा है। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्टजे अपनी रफ्तार से बल्लेबाजों को परखेंगे, वहीं श्रीलंका के स्पिन जादूगर वानिंदु हसरंगा मध्य ओवरों में मैच का रुख पलटने का माद्दा रखते हैं। इसके साथ ही लखनऊ के बाएं हाथ के युवा पेसर नमन तिवारी भी अपनी स्विंग और गति से चयनकर्ताओं का भरोसा मजबूत करने को तैयार हैं।

इकाना स्टेडियम में अभ्यास सत्र के साथ ही शहर में क्रिकेट का बुखार चढ़ना तय है। फैंस को उम्मीद है कि इस बार लखनऊ सुपर जायंट्स पिछले सीजन की कमी पूरी कर दमदार प्रदर्शन करेगी। 15 मार्च से शुरू होने जा रहा यह सफर सिर्फ अभ्यास नहीं, बल्कि खिताबी दावेदारी की मजबूत शुरुआत मानी जा रही है। अब देखना होगा कि पंत की अगुवाई में एलएसजी इस बार कितनी दूर तक जाती है।

# एक ही चीरे से बच्चे को मिली हार्निया से राहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केजीएमयू में पहली रोबोटिक पीडियाट्रिक सर्जरी

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग ने चिकित्सा क्षेत्र में नई उपलब्धि दर्ज की है। विभाग में पहली बार रोबोटिक तकनीक से बच्चे का ऑपरेशन किया गया। दोनों अंडकोष की हार्निया से पीड़ित बच्चे को सर्जरी के बाद राहत मिल गई है।

उन्नाव के धारवा निवासी अक्षांस आठ महीनों से दोनों अंडकोष में सूजन की समस्या से जूझ रहा था। परिजनों ने कई स्थानीय चिकित्सकों से इलाज कराया, लेकिन लाभ नहीं हुआ। इसके बाद बच्चे को केजीएमयू के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग में भर्ती कराया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. जेडी रावत ने बताया कि जांच में दोनों ओर हार्निया की पुष्टि हुई। सामान्य सर्जरी में दो स्थानों पर चीरा लगाना पड़ता है, लेकिन 16 फरवरी को की गई रोबोटिक सर्जरी में केवल एक छोटा चीरा लगाया गया। ऑपरेशन के अगले ही दिन बच्चा चलने-फिरने लगा, जो तेज रिकवरी का संकेत है। 23 फरवरी को उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डॉ. जेडी रावत के अनुसार, रोबोटिक सर्जरी से दर्द कम होता है, खून की कमी न्यूनतम रहती है और घाव तेजी से भरता है। इस ऑपरेशन में लगभग 60 हजार रुपये का खर्च आया। सर्जरी टीम करने वाली टीम में डॉ. जेडी रावत, डॉ. सुधीर सिंह, डॉ. गुरमीत सिंह, डॉ. प्रीति, डॉ. कृतिका, डॉ. विनीता सिंह और डॉ. नीलकमल शामिल रहे। नर्सिंग ऑफिसर संजय, रीता, रिंकेश और दीप्ति शामिल रहे।

## सिटी डायरी




प्रतियोगिता में प्रदर्शन करने वाली यूपी बॉडी बिल्डिंग सर्विसेज की टीम।

### यूपी के रवि और राजीव को कांस्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो कांस्य पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता का आयोजन त्यागराज स्टेडियम में किया गया, जहां टीम मैनेजर धर्मेंद्र यादव की देखरेख में प्रदेश के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश को सफलता दिलाते हुए सचिवालय के रवि प्रकाश सिंह ने 65 किलो भार वर्ग में कड़े मुकाबले के बीच कांस्य पदक जीता। वहीं व्यापार कर विभाग के राजीव पाल ने मास्टर्स श्रेणी में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। अन्य खिलाड़ियों में 70 किलो भार वर्ग में अनिकेत चौथे स्थान पर रहे। आसिफ अली ने अपने वर्ग में पांचवां स्थान प्राप्त किया। 100 किलो भार वर्ग (हैवीवेट) में बृजेंद्र मणि पाण्डेय पांचवें स्थान पर रहे। टीम के कोच के रूप में उत्तर प्रदेश सचिवालय के अरविंद भारती ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया।



लविवि में सांस्कृतिक प्रस्तुति देती छात्राएं।

### फेस्ट में विद्यार्थियों ने मचाया धमाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में इस सप्ताहांत 'इंटर–हॉस्टल कॉम्पिटिशन फेस्ट 2026' के शुभारंभ के साथ उत्साह और प्रतिभा का अद्भुत संगम देखने को मिला। दो अलग–अलग केंद्रों पर आयोजित प्रतियोगिताओं ने छात्रों की खेल एवं सांस्कृतिक क्षमता को सशक्त मंच प्रदान किया। ऐतिहासिक कैलाश हॉल में कबड्डी टूर्नामेंट मुख्य आकर्षण रहा, जहां विभिन्न हॉस्टलों की टीमों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए शक्ति और रणनीति का शानदार परिचय दिया। "कबड्डी–कबड्डी" की गूंज के बीच रेडर्स और डिफेंडर्स के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। फाइनल में मौजूदा चैंपियन और 'डार्क हॉर्स' टीम के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। अंतिम क्षणों तक चले संघर्ष के बाद कैलाश हॉल ने जीत दर्ज कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।



एकेटीयू में आयोजित वित्तीय साक्षरता में बोलते विशेषज्ञ।

### वित्तीय साक्षरता पर हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार, लखनऊ :** एकेटीयू के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट विभाग में वित्तीय साक्षरता एवं निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में प्रदीप कुमार पांडेय ने प्रतिभागियों को वित्तीय योजना, सुरक्षित निवेश, निवेश से जुड़े जोखिम, निवेशकों के अधिकारों एवं धोखाधड़ी से बचाव के विषय में विस्तृत एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की। सत्र को संवादात्मक बनाया गया, जिससे विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक डॉ. विनय चतुर्वेदी, डॉ. गजेंद्र गुप्ता, सैफाली सिंह एवं डॉ. वर्षा शुक्ला की उपस्थिति रही।



प्रस्तुति देते सीएमएस के बच्चे।

### छात्रों में वैश्विक दृष्टिकोण का विकास करें : बोरा

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस द्वारा आयोजित 'एनुअल पैरेन्ट्स डे एवं डिवाइन एजुकेशन सेमिनार' में अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि बच्चों को आध्यात्मिक शिक्षा दी जाये तो उनमें मानवीय गुण उत्पन्न होंगे। सीएमएस संस्थापिका डॉ. भारती गांधी ने शिक्षकों व अभिभावकों से अपील की कि छात्रों में वैश्विक दृष्टिकोण का विकास करें।

आयोजन | तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

# सीएसआईआर–सीमैप में जनजातीय भ्रमण का आयोजन




सीएसआईआर सीमैप में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले किसान व छात्र–छात्राएं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सीएसआईआर-केन्द्रीय औषधीय एव सगंध पौधा संस्थान में रानी लक्ष्मी बाई कॉलेज, हिसार, हरियाणा की छात्राओं के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साथ ही संस्थान में विभिन्न शैक्षणिक एवं जनजातीय भ्रमण कार्यक्रम, सीएसआईआर एरोमा मिशन के अंतर्गत आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य औषधीय एवं सुगंधित पौधों की वैज्ञानिक खेती, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन एवं उद्यमिता विकास संबंधी व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना है। इसी दिन डिंडौरी जिला मध्य प्रदेश के 51 जनजातीय महिलाओं ने संस्थान का भ्रमण किया। प्रतिभागियों को आसवन अपशिष्ट से कटलरी निर्माण, आवश्यक तेल आसवन प्रक्रिया, वर्मी कम्पोस्टिंग तकनीक आदि की जानकारी दी गई।

इसके अलावा लखनऊ फार्मेसी कॉलेज के 31 छात्र-छात्राओं एवं तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय कोयम्बटूर के 100 से अधिक कृषि विद्यार्थियों ने भी संस्थान का भ्रमण किया और वैज्ञानिकों से संवाद कर उन्नत तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। संवाद सत्र के दौरान डॉ. संजय कुमार ने सीएसआईआर अरोमा मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका को रेखांकित किया। डॉ. आर. के. श्रीवास्तव ने औषधीय एवं सुगंधित फसलों के फसलोत्तर प्रबंधन तथा व्यावसायिक संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में डॉ. आर. एस. शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।